अवैध पटाखों की बरामदगी के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, दूकानदार फरार

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रौली दीक्षित गाँव में अबैध पटाखा पुलिस ने भारी मात्रा में बरामद किया था ।आरोपी भागने में सफल रहा ।पुलिस ने थाने में तैनात उपनिरीक्षक अजीत कुमार यादव के तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है । उपनिरीक्षक द्वारा थाने में दिये गये तहरीर में लिखा है कि अपने हमराह के साथ दीपावली के पर्व के दृष्टिगत क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था एवं पेंडिंगविवेचना व देखभाल के लिए रवाना होकर ललन चौराहे पर आगामी त्योहार को देखते हुए क्षेत्र अबैध रुप में संचालित भण्डारण व कारोबार के सम्बन्ध में बातचीत कर रहे थे । उसी समय मुखबीर द्वारा बताया गया कि ग्राम मिश्रौली दीक्षित में सडक के किनारे बैजू मध्देसिया पुत्र राजेन्द्र मध्देसिया निवासी नगर पंचायत के गाँन्धी चौक निवासी के मकान में अबैध पटाखा भारी मात्रा में रखा गया है । उसे बेचने के फिराक में है ।जल्दी की गयी तो माल सहित पकडा जा सकता है ।सूचना पर अपने हमराही के अलावे उपनिरीक्षक संतोष यादव कमलेश यादव सत्यप्रकाश दुबे कमलेश कुमार आरक्षी संदीप यादव महिला आरक्षी गुंजा आरक्षी जयदीप दुबे अन्य आरक्षी के साथ पुलिस टीम मुखबीर के बताए जगह पर पहुंचे ।मुखबीर मकान के तरफ इशारा करके आगे निकल गया ।पुलिस के आते देख आरोपी भाग निकला पुलिस महिला पुलिस के साथ घर के गलियारे की जाँच की तो उसमें भारी मात्रा में अबैध पटाखा मिला ।जो 27 बोरा38गत्ता में रखा गया था ।जिसका कुल वजन 30कुन्तल 40किग्रा बरामद हुआ ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध287,125 9बी के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही कर रही है ।

दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

बभनौली (कुशीनगर)। सेवरही थाना क्षेत्र में दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहित यादव पुत्र गुड्डू यादव निवासी गौरी जगदीश, थाना सेवरही, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ सेवरही थाने में मु0अ0सं0 284/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1), 87, 137(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 में मुकदमा दर्ज था। । पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सेवरही थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप चौहान, कांस्टेबल अजय सिंह एवं कांस्टेबल अविनाश कुमार शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

छात्राओं को शिक्षा के साथ स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

पडरौना/ कुशीनगर। आकांक्षा समिति, कुशीनगर की अध्यक्ष अर्पणा चौहान ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह की उपस्थिति में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पडरौना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्राओं को उपलब्ध सुविधाओं और उनके रहन-सहन का जायजा लिया। साथ ही छात्राओं से संवाद कर उनके स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और भविष्य के करियर को लेकर जानकारी प्राप्त की।

❑आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अर्पणा चौहान ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण
❑ शैक्षणिक गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश



निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने छात्राओं से खानपान, दैनिक दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा की। उन्होंने छात्राओं से उनके भविष्य के लक्ष्य और करियर की योजनाओं के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति समर्पित रहने तथा अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही छात्राएं आत्मनिर्भर बनकर अपने सपनों को साकार कर सकती हैं।

अर्पणा चौहान ने विद्यालय के शिक्षण कक्ष, स्मार्ट क्लास, रसोईघर, शयन कक्ष, भोजनालय, स्नानागार और शौचालय सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और शिक्षण कार्य की स्थिति की जानकारी लेते हुए छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक किया।

विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए उन्होंने सबमर्सिबल पंप, भोजनालय, स्नानागार और शौचालय की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। साथ ही शिक्षण कार्य को प्रभावी बनाने, विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने और सह-शैक्षणिक गतिविधियों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यालय प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से निरीक्षण में सामने आए बिंदुओं पर गंभीरता से कार्यवाही करते हुए आगामी निरीक्षण तक आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

वृक्ष की जड़ हटी, मोक्षधाम के विकास ने पकड़ी रफ्तार

टेकुआटार,कुशीनगर। छोटी गंडक नदी के तट पर स्थित सोहसा मोक्षधाम में जनसहयोग से विकास की राह खुलने लगी है। घाट तक पक्के रास्ते के निर्माण में बाधक बने सूखे विशाल वृक्ष की जड़ को मंगलवार सुबह दो जेसीबी मशीनों की मदद से हटवा दिया गया। कई दिनों से चल रहे प्रयास के बाद जड़ हटने से निर्माण कार्य का बड़ा अवरोध दूर हो गया है। निर्माण के लिए जनसहयोग जुटाने का कार्य भी जारी है। करीब 100 गांवों की आस्था से जुड़े इस मोक्षधाम के विकास की घोषणाएं तो कई बार हुईं, लेकिन धरातल पर काम शुरू नहीं हो सका। सरकारी पहल की प्रतीक्षा के बीच क्षेत्रवासियों ने स्वयं इसके विकास की जिम्मेदारी उठाई है। नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान के सचिव डॉ. हरिओम मिश्र के नेतृत्व में जनसहयोग से घाट तक पक्का रास्ता बनाने का कार्य चल रहा। नवरात्र की अष्टमी पर मंगलगीतों, वैदिक मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच खड़ंजा निर्माण का शुभारंभ हुआ था। सामूहिक पूजन के दौरान महिलाओं और दिव्यांग अभिषांक शर्मा ने पहली ईंट रखकर निर्माण अभियान की नींव रखी। इससे पहले मशीनों से परिसर की सफाई, झाड़ियों की कटाई और भूमि समतलीकरण कराया गया। युवाओं ने श्रमदान कर अभियान को आगे बढ़ाया। निर्माण में सहयोग के लिए परवरपार निवासी रजनीकांत राव और कुरहवा के प्रधान रघुनाथ यादव ने एक-एक ट्राली ईंट उपलब्ध कराई। सोहसा पट्टी गौसी के एडवोकेट विपिन तिवारी, मंजीत गुप्ता, दुबौली के प्रधान सेवालाल यादव और धर्मजीत सिंह सहित कई लोग सहयोग के लिए आगे आए हैं। डॉ. मिश्र ने बताया कि पहले घाट तक पक्का रास्ता तैयार किया जाएगा। इसके बाद बैठने, स्नान और शवदाह से जुड़ी आवश्यक सुविधाओं वाले पक्के घाट का निर्माण चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा। उन्होंने लोगों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। कहा कि जनसहयोग से शुरू हुआ यह अभियान सामूहिक भागीदारी से ही अपने लक्ष्य तक पहुंचेगा।



डीएम के निरीक्षण का असर, दूसरे दिन ही बदली एआरटीओ कार्यालय की तस्वीर

पडरौना, कुशीनगर। जिलाधिकारी के एक औचक निरीक्षण ने एआरटीओ कार्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर कर्मचारियों की सक्रियता बढ़ा दी है। सोमवार को जिलाधिकारी संजय चौहान के निरीक्षण के बाद मंगलवार को कार्यालय परिसर में सफाई अभियान शुरू हो गया। सुबह से ही सफाईकर्मी झाड़ू और फावड़ा लेकर परिसर को साफ-सुथरा करने में जुटे दिखाई दिए। गौरतलब है कि सोमवार को जिलाधिकारी ने एआरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की थी। इस दौरान उन्होंने ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर एक युवक की वाहन चलाने की दक्षता भी परखी और उसे यातायात नियमों की जानकारी दी। साथ ही कार्यालय परिसर में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था तथा अभिलेखों के रखरखाव को लेकर आवश्यक निर्देश दिए थे। उन्होंने स्पष्ट किया था कि कार्यालय आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के अगले ही दिन मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कार्यालय परिसर में सफाई अभियान शुरू हो गया। जगह-जगह कर्मचारी झाड़ू लगाते और फावड़े से सफाई करते नजर आए। आरटीओ कार्यालय से सूचना मिलने के बाद सभी कर्मचारी यहां पहुंचे हैं। जिलाधिकारी के निरीक्षण के तत्काल बाद सफाई व्यवस्था में आई तेजी अब कार्यालय परिसर में साफ दिखाई देने लगी है।

❑झाड़ू-फावड़ा लेकर सफाई में जुटे कर्मचारी, परिसर में चला अभियान



महज 20 रुपये के सालाना प्रीमियम पर परिवार को मिला दो लाख का बीमा लाभ

भटनी (देवरिया)। पंजाब नेशनल बैंक की भटनी शाखा ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सड़क दुर्घटना में दिवंगत खाताधारक रघु कुशवाहा की पत्नी एवं नामिनी सरोज देवी को दो लाख रुपये का बीमा चेक प्रदान किया।



हतवा वार्ड संख्या पांच, तिवारी टोला निवासी रघु कुशवाहा की 10 जुलाई 2026 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वे मात्र 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जुड़े थे। बैंक ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर बीमा दावा स्वीकृत कराया वरिष्ठ शाखा प्रबंधक कुमार शशि भूषण ने सरोज देवी को दो लाख रुपये का चेक सौंपा। इस दौरान उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना से जुड़कर परिवार का भविष्य सुरक्षित करने की अपील की। इस अवसर पर प्रबंधक जयंत कुमार, उप प्रबंधक आकाश जायसवाल, रामप्रसाद, तुंगनाथ यादव, सभासद पति लाल बिहारी प्रजापति सहित बैंक कर्मचारी, बैंक मित्र और ग्राहक मौजूद रहे।

भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह का भव्य स्वागत

मथौली बाजार (कुशीनगर) भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा, कुशीनगर के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह का सोमवार को नगर पंचायत मथौली में युवा साथियों एवं शुभचिंतकों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान युवाओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया तथा प्रभु श्रीराम का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी और विश्वास सौंपा है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। किसान मोर्चा के माध्यम से किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाना तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाएगा, ताकि किसानों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाया जा सके। इस दौरान नगर पंचायत मथौली के चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष सिंह, कुंवर आकाश सिंह, अनिरुद्ध कुशवाहा, बुलेट भाई, इकबाल अहमद, काजू कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, रोबिन सिंह, रंजीत यादव, जनार्दन मद्धेशिया, रणवीर मौर्य सहित दर्जनों युवा साथी एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सभासद से कथित दुर्व्यवहार के विरोध में थाने के गेट पर धरने पर बैठे पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू

बभनौली (कुशीनगर)। नगर पंचायत सेवरही के किदवई नगर के सभासद एवं कांग्रेस कार्यकर्ता सुमित रौनियार तथा शाहिद अबार हनी के साथ बीती शाम सेवरही थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा कथित रूप से किए गए दुर्व्यवहार का मामला मंगलवार को गरमा गया। घटना से नाराज पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अपने समर्थकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सेवरही थाने पहुंचे और थाने के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान पूर्व विधायक ने पुलिस के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासनिक अमले को यह बात गांठ बांध लेनी चाहिए कि किसी भी कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि के सम्मान से बड़ा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान और अधिकारों की लड़ाई में वह हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। धरने की सूचना पर तमकुहीराज क्षेत्राधिकारी जयंत यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूर्व विधायक सहित मौजूद लोगों से बातचीत की और मामले को शांत कराने की पहल की।

क्षेत्राधिकारी के हस्तक्षेप के बाद पूर्व विधायक ने धरना स्थगित कर दिया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी जयंत यादव ने बताया कि मौके पर बातचीत कर मामले को सुलझा लिया गया है।

ऐसी कोई बात नहीं है, बातचीत के माध्यम से मामले का निस्तारण करा दिया गया है। धरने में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज सिंह, सभासद पप्पू जायसवाल, प्रमोद मद्धेशिया, अजय गुप्ता, व्यास निषाद, आदित्य जायसवाल (सालू), शुभम रौनियार, अमित सिंह, पंकज जायसवाल, अमित वर्मा (बंटी), पंकज कुमार, राजकुमार, मुन्ना कुशवाहा और विनोद जायसवाल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल रहे।

❑सीओ जयंत यादव के हस्तक्षेप और बातचीत के बाद स्थगित हुआ धरना, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों के सम्मान का उठाया मुद्दा



तीन लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

भटनी (देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अलावलपुर निवासिनी एक महिला ने अपने पति ससुर एवं देवर पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करायी है । सविता देवी पत्नी सोनू चौरसिया ग्राम अलावलपुर निवासिनी द्वारा थाने में दिये गये तहरीर में अपने पति सोनू देवर मुकेश चौरसिया एवं ससुर हरिनाथ चौरसिया पर दहेज के लिए मारपीट प्रताडना जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए लिखी है कि मेरा विवाह पाँच वर्ष पूर्व सोनू चौरसिया के साथ हुई थी ।दो बच्चे भी है । विवाह के बाद से ही तीनो लगातार दहेज कम देने का ताना मारते हुए गाली के साथ साथ अमानवीय व्यवहार एवं मानसिक यातनाएं देते रहते है ।पति मारते व पीटते रहते है ।भरणपोषण का पैसा भी नही देते ।पहली नवम्बर को ससुराल मे पति सोनू चौरसिया भद्दी गालियाँ देते हुए बरहमी से पीटा व जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया ।

कुशीनगर में भारतीय शिक्षा बोर्ड की मंडलीय बैठक आज

कुशीनगर । भारतीय शिक्षा बोर्ड की मंडलीय बैठक चार नवंबर बुधवार को दोपहर 1ः30 बजे बुद्ध पीजी कॉलेज, कुशीनगर में आयोजित है। मुख्य अतिथि डीएम कुशीनगर संजय चौहान होंगे, जबकि अध्यक्षता बोर्ड के चेयरमैन डॉ एनपी सिंह करेंगे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में देते हुए भारतीय शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय समन्वयक (पूर्वी उत्तर प्रदेश) बृजमोहन ने बताया कि बैठक में विद्यालय प्रबंधकों के साथ आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा के समन्वय तथा भारतीय शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली एवं उद्देश्यों पर चर्चा की जाएगी।

घर में घुसकर गहना व नकदी की चोरी

कोटवा बाजार / कुशीनगर निबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के गांव हरपुर में चोरों ने एक घर में रखे नकदी और गहने चुरा ले गए। पूर्व में भी इस घर में तीन बार चोरी की घटना हो चुकी है। सोमवार की रात्रि में जमशेद पुत्र सुभान के घर चोरों ने दरवाजे पर लगा बांस का चचरा का ताला तोड़कर घर में घुसकर की चोरी।

घर का मुखिया जमशेद ने बताया कि खाना खाने के बाद पत्नी बच्चों संग झोपडी वाले घर सोए थे। घर में आगे झोपडी है पीछे एक एस्बेस्टस लगा एक कोठरी है जिसमें सामन रखा था आगे दरवाजे पर चचरा घर की सुरक्षा हेतु लगाया था रात्रि में दो बजे निद खुली तो चचरा टूटा पड़ा दिखा। घर में अंदर जाने पर देखा कि बॉक्स में रखा अस्सी हजार रुपए और गहने कपड़े सब गायब मिला है। घटना की सूचना पर 112 पुलिस पहुंची और घटना स्थल का मुआयना की। इसके पहले भी जमशेद के घर तीन बार चोरिया हो चुकी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नेबुआ नौरंगिया संजय कुमार दुबे ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, मौके पर पुलिस पहुंची थीं। अभी तहरीर नहीं मिली है।

रॉकेट्री वर्कशॉप का आयोजन, विद्यार्थी स्वयं बनाए रॉकेट

कसानगंज(कुशीनगर)।नगर में स्थित सच्चिदानंद इंटर कॉलेज में स्पेस दर्शन की टीम द्वारा रॉकेट्री हैंड्स ऑन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थी किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर स्वयं रॉकेट का निर्माण करते हुए इसके साइंस, तकनीकी का व्यावहारिक रूप से जानकारी हासिल किया। कसानगंज के सच्चिदानंद इंटरमीडिएट कॉलेज में 6 नवंबर को सी क्लास सॉलिड फ्यूल रॉकेट मोटर का प्रदर्शन होना है ।जिसको लेकर यहां एक कार्यशाला का आयोजन किया गया ।जिसके प्रशिक्षण रघुवीर गुप्ता, अमित गुप्ता एवं शिवम पासवान उपस्थित रहे। इससे पूर्व विद्यार्थियों को डॉ. मनीष कुमार द्वारा रॉकेट्री का विशेष प्रशिक्षण दिया। जिसमें उन्हें रॉकेट की संरचना, कार्यप्रणाली और इससे जुड़ी वैज्ञानिक अवधारणाओं की जानकारी दी गई। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर सेवास्टियन ने बताया कि कार्यशाला में कक्षा 6 से 12 तक के 52 विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए राकेट का आगामी 6 नवंबर को आयोजित होने वाली सैटेलाइट प्रदर्शनी में लॉन्च करने की योजना है। इसको लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह है। अपने हाथों से रॉकेट तैयार करना उनके विज्ञान को करीब से समझने का अनूठा अवसर मिल रहा है ।कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान, तकनीक और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति विशेष रुचि विकसित की जा रही है ।स्पेस दर्शन की इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ प्रयोगात्मक ज्ञान उपलब्ध कराना है ।ताकि उनमें वैज्ञानिक सोच, नवाचार और तकनीकी कौशल का विकास हो सके। इस प्रकार की गतिविधियों से विद्यार्थियों को भविष्य में वैज्ञानिक, रॉकेट विशेषज्ञ और एयरोस्पेस इंजीनियर बनने की दिशा में प्रेरित करने में महत्वपूर्ण होगा। इस अवसर पर फादर मैथु , सिस्टर मरीना , जनार्दन निषाद अदिति यशस्वी आलिया अर्पिता सुप्रिया चांदनी सुहाना शिल्पी अनामिका नंदिनी सोनी परिधि पलक अभिजीत अभिनव अर्पित अंकित साहिल कृष्णमोहन सत्यम विपुल आयुष राजनाथ आदि मौजूद रहे।



नारायणी रॉकेट्री कप के समापन पर विधायक ने प्रतिभागियों को किया सम्मानित

बभनौली (कुशीनगर)। तमकुहीराज स्थित नारायणी मॉडल रॉकेट्री प्रक्षेपण धाम में आयोजित ड्रह-स्प्रष्टद्द नारायणी रॉकेट्री कप-2026 का समापन समारोह उत्साह और उमंग के बीच संपन्न हुआ। समारोह में क्षेत्रीय विधायक डॉ. असीम कुमार ने बतौर अतिथि प्रतिभाग किया।

उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवा वैज्ञानिकों एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजन के दूसरे दिन कैनसैट और मॉडल रॉकेट्री की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपने वैज्ञानिक कौशल, तकनीकी दक्षता और नवाचार का प्रदर्शन किया।

इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान एवं रॉकेट प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। विधायक डॉ. असीम कुमार ने कहा कि इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि स्थानीय विद्यालयों के बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान और रॉकेट्री के प्रति बढ़ती जिज्ञासा एवं उत्साह है। आज के जिज्ञासु विद्यार्थी ही भविष्य में वैज्ञानिक, अनुसंधानकर्ता और नवाचार के अग्रदूत बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए नई पीढ़ी को विज्ञान, तकनीक, अनुसंधान और नवाचार से जोड़ना जरूरी है। ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर का मंच देने के साथ देश को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होंगे। समारोह में सांसद प्रतिनिधि देवरिया धीरज त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सेवरही धनंजय तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा केशव पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा, अजय चौबे, शैलेन्द्र पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष तमकुहीराज मुन्नू मिश्रा, मंडल महामंत्री मोतीचंद बौद्ध, मंडल उपाध्यक्ष देवेंद्र राय सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



.....अवध शुगर मिल के बॉयलर का विधि-विधान से पूजन.....

जीएम बोले- किसान धैर्य रखें, जल्द शुरू होगी मिल

हाटा (कुशीनगर)। हाटा स्थित अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड चीनी मिल में आगामी पेराई सत्र की तैयारियों के क्रम में बॉयलर का विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया गया। आचार्य एवं पंडितों की देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस दौरान मिल परिसर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पूजा-अर्चना में शामिल होकर सफल एवं निर्विघ्न पेराई सत्र की कामना की।

इस अवसर पर चीनी मिल के महाप्रबंधक आरके गुप्ता ने क्षेत्र के गन्ना किसानों से धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान भाई परेशान न हों, आपकी अपनी चीनी मिल बहुत जल्द चालू होने जा रही है। किसान अपना गन्ना औने-पौने दाम पर न बेचें और मिल के संचालन का इंतजार करें। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मिल जल्द शुरू होगी, जिससे क्षेत्र के गन्ना किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए उचित व्यवस्था मिल सकेगी ।जीएम आरके गुप्ता ने कहा कि चीनी मिल प्रबंधन आगामी पेराई सत्र को लेकर तैयारियों में जुटा है। बॉयलर पूजन इसी तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मिल का संचालन शुरू होने से क्षेत्र के हजारों गन्ना किसानों को लाभ मिलने के साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी ।बॉयलर पूजन कार्यक्रम में आचार्य एवं पंडितों ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। इस दौरान मिल की उन्नति, सफल पेराई सत्र, किसानों की खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई ।कार्यक्रम में चीनी मिल के जीएम आरके गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुशील बालियान, अमित अग्रवाल, फरहान शाहिद, अंकुर श्रीवास्तव, डीडी सिंह, रविन्द्र पाण्डेय और आलोक बांग्ला सहित सैकड़ों अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे ।किसानों की निगाहें मिल चालू होने पर अवध शुगर मिल के बॉयलर पूजन के बाद क्षेत्र के गन्ना किसानों में मिल के संचालन को लेकर उम्मीद जगी है। किसानों के लिए मिल का जल्द चालू होना महत्वपूर्ण है। ऐसे में जीएम आरके गुप्ता की किसानों से की गई अपील और जल्द मिल शुरू होने के भरोसे को क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिए महत्वपूर्ण संदेश माना जा रहा है।

